### क्या मुझे कोई दस्तावेज प्रदान करने की आवश्यकता होगी?

आपकी पात्रता के आधार पर आपको दस्तावेज प्रदान करने के लिए कहा जा सकता है। नीचे दी गई प्रत्येक श्रेणी से एक दस्तावेज़ प्रदान करने के लिए तैयार रहें। यदि आप व्यक्तिगत रूप से आवेदन कर रहे हैं, तो कृपया उन्हें अपने साथ लाएँ। यदि आप फोन पर आवेदन कर रहे हैं, तो आपको उन्हें MyChart पर अपलोड करने या आपकी अपॉइंटमेंट के दौरान उन्हें प्रदान करने के लिए कहा जाएगा। यदि आपके पास कुछ दस्तावेज नहीं हैं, तो चिंता न करें! हम अभी भी मदद कर सकते हैं।

| दस्तावेज़ श्रेणी | स्वीकार्य दस्तावेज के उदाहरण |
|---|---|
| पहचान का प्रमाण | ड्राइविंग लाइसेंस या गैर-चालक पहचान पत्र, NYC पहचान पत्र, पासपोर्ट, विदेशी पहचान पत्र, ग्रीन कार्ड या कार्य अनुज्ञा-पत्र, प्राकृतिककरण प्रमाणपत्र, वीजा, स्कूल पहचान पत्र, विवाह प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, EBT या CBIC कार्ड |
| आय का प्रमाण | पे स्टब्स (अंतिम 4 सप्ताह), रोजगार पत्र, निवृत्ति वेतन/SSI/ बेरोजगार सहायता पत्र /चेक |
| निवास प्रमाण पत्र | पोस्टमार्क किए गए लिफाफे, उपयोगिता बिल (पिछले 90 दिन), किराया करारनामा, मॉर्टगेज विवरण |
| बीमा पात्रता निर्धारण | यदि आपकी पहले से ही किसी अन्य संस्था के सहायक द्वारा या New York State of Health Marketplace (New York राज्य हेल्थ मार्केट प्लेस) के माध्यम से आपके खुद के द्वारा बीमा पात्रता के लिए स्क्रीनिंग की गई है, तो निर्धारण की एक नकल साझा करें (पिछले 30 दिन) |

### जब मैं अपने स्वास्थ्य बीमा कवरेज के बारे में सुनने का इंतजार कर रहा हूं, अगर उस बीच मुझे कोई बिल मिलता है तो क्या होगा?

यदि आपने स्वास्थ्य बीमा के लिए आवेदन किया है, तो जब तक आपके आवेदन की समीक्षा की जा रही है, आपसे किसी बिल का भुगतान करने के लिए नहीं कहा जाएगा। यदि आपको कोई बिल मिलता है, तो आपको हम से संपर्क करना चाहिए और वित्तीय परामर्शदाता से बात करने के लिए कहना चाहिए जो आपकी मदद करेगा।

### मैं आवेदन कैसे कर सकता हूँ?

हमारे वित्तीय परामर्शदाता आपको स्वास्थ्य बीमा कवरेज या वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने में मदद कर सकते हैं। वित्तीय सलाहगार से बात करने के लिए 1-844-692-4692 पर कॉल करें और विकल्प 3 चुनें।

NYC Health + Hospitals सभी के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है। हम अप्रलेखित लोगों सहित सभी रोगियों के अधिकारों और उनकी निजता का सम्मान करते हैं। हम अंग्रेजी भाषा न बोलने वाले लोगों को डॉक्टरों और अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ बात-चीत करने में भी मदद करते हैं। हमारे कर्मचारी अल्बानियाई, अरबी, बंगाली, चीनी, फ्रेंच, हाइतीयाई क्रियोल, हिंदी, कोरियाई, पोलिश, रूसी, स्पेनिश और उर्दू सहित कई भाषाएं बोलते हैं। दुभाषिया सेवाएं भी उपलब्ध हैं। आप अपनी भाषा में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

NYC HEALTH+ HOSPITALS | NYC CARE

अधिक जानने
और नामांकन कराने के लिए

1-646-NYC-CARE
1-646-692-2273 पर कॉल करें

nyccare.nyc

संपर्क में रहें। हमें फॉलो करें।

NYC HEALTH+ HOSPITALS | NYC CARE

# NYC HEALTH + HOSPITALS

# वित्तीय सहायता

## कोई स्वास्थ्य बीमा नहीं है?
## चिंता मत करें, हम आपकी मदद कर सकते हैं।

आपको उच्च गुणवत्ता वाली एवं सस्ती स्वास्थ्य देखभाल पाने का अधिकार है। उस देखभाल को किफ़ायती बनाने का सबसे अच्छा तरीका है स्वास्थ्य बीमा में नामांकन करना। हम आपके लिए उपलब्ध विकल्पों को समझाने में सहायता कर सकते हैं तथा आप और आपके परिवार के लिए सबसे अच्छी योजना में नामांकन कराने में मदद कर सकते हैं। यदि आप उपलब्ध किसी भी निशुल्क या कम लागत वाली स्वास्थ्य बीमा योजना की अर्हता प्राप्त नहीं हैं या इनका खर्च नहीं उठा सकते हैं, तो आप हमारे वित्तीय सहायता कार्यक्रमों में से एक — *NYC Care* या *Options* — के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं ताकि आप हमारी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को आपके और आपके परिवार के लिए सस्ती बना सकें।

### मैं उपलब्ध विकल्पों के बारे में कैसे पता करूं?

NYC Health + Hospitals के वित्तीय परामर्शदाता से बात करें जो अगर आप योग्य हैं तो आप और आपके परिवार को मुफ्त या कम लागत वाले स्वास्थ्य बीमा में नामांकन कराने में मदद कर सकता है। हमारे वित्तीय परामर्शदाता यहाँ विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में से, जिनके लिए आप पात्र हो सकते हैं, चुनने में आपकी सहायता करने के लिए हैं। यदि आप किसी स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए पात्र नहीं हैं, बीमा कवरेज का खर्च नहीं उठा सकते हैं, या चिकित्सा देखभाल के लिए भुगतान करने के लिए आपके पास पैसे नहीं हैं, तो आप हमारे वित्तीय सहायता कार्यक्रमों में से एक के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं।

*NYC Care* उन लोगों के लिए उपलब्ध है जो स्वास्थ्य बीमा के लिए अयोग्य हैं या उसका खर्च वहन नहीं कर सकते हैं और वे छह या इससे अधिक महीनों तक न्यूयॉर्क शहर में रहे हैं।

*Options* उन लोगों के लिए उपलब्ध है जो स्वास्थ्य बीमा के लिए अयोग्य हैं या उसका खर्च वहन नहीं कर सकते हैं और New York City में रहते हैं या यहां आते हैं। *Options* उन लोगों की मदद करता है जो Nassau काउंटी में रहते हैं या उसकी यात्रा पर जाते हैं और Queens में स्थित हमारे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का उपयोग करते हैं। *Options* उन लोगों की भी मदद करता है जो Westchester काउंटी में रहते हैं या उसकी यात्रा पर जाते हैं और Bronx में स्थित हमारे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का उपयोग करते हैं।

### स्वास्थ्य बीमा क्यों महत्वपूर्ण है?

किसी को घायल होना या बीमार होना पसंद नहीं होता है, लेकिन अप्रत्याशित चिकित्सकीय घटनाएँ फिर भी घटित हो जाती हैं। स्वास्थ्य बीमा योजना होने से उन कुछ अप्रत्याशित लागतों का भुगतान करने में मदद मिलती है, जिनमें चल रहे बड़े मेडिकल बिल और डॉक्टर के पर्चे पर लिखी दवाएं शामिल हैं, और इससे आपको मानसिक शांति मिल सकती है। हम यह भी जानते हैं कि जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा होता है उनको खुद को और उनके परिवार को स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक निवारक देखभाल प्राप्त होने की संभावना अधिक होती है।

### मुझे कितना भुगतान करना होगा?

अनेक मुफ्त या कम लागत वाली स्वास्थ्य बीमा योजनाएं उपलब्ध हैं। हम आपके साथ उन विकल्पों पर चर्चा कर सकते हैं। यदि आप स्वास्थ्य बीमा के लिए पात्र नहीं हैं और वित्तीय सहायता के लिए योग्य हैं, तो आप केवल उतना ही भुगतान करते हैं जितना आप वहन कर सकते हैं। अगले पृष्ठ पर दिया गया चार्ट दिखाता है कि हमारे वित्तीय सहायता कार्यक्रमों में से किसी एक के तहत आपको कितना भुगतान करने के लिए कहा जा सकता है। डॉक्टर को दिखाने के लिए आपसे लिया जाने वाला शुल्क $0 तक कम हो सकता है।

### आवेदन करने के लिए मुझे किन चीजों की आवश्यकता है?

आपसे अपने खुद और अपने परिवार और आपकी आय के बारे में जानकारी देने के लिए कहा जाएगा। हम आपको कई स्वास्थ्य बीमा योजनाओं और वित्तीय सहायता कार्यक्रमों में से जिनके लिए आप पात्र हो सकते हैं, उसे चुनने में मदद करेंगे। यह एक सुरक्षित एप्लिकेशन है और कोई भी जानकारी आप्रजन अधिकारियों के साथ साझा नहीं की जाती है।

जारी है

### चरण 1:

अपने परिवार का आकार ढूंढें (कृपया सभी वयस्कों और बच्चों को शामिल करें जो आपके साथ रहते हैं)।

### चरण 2:

इसके बाद, उन स्तरों में से किसी एक में आपको एक वर्ष में भुगतान की जाने वाली राशि ढूंढें।

### चरण 3:

नीचे दिए गए चार्ट के कॉलम में पता लगाएं कि आपको अपने परिवार के आकार और आय के अनुसार क्लिनिक विजिट, आपातकालीन कक्ष विजिट और अस्पताल में भर्ती के लिए कितना भुगतान करने के लिए कहा जाएगा।

| संघीय गरीबी स्तर (FEDERAL POVERTY LEVELS, FPL) | 100% FPL | 101 - 125% FPL | | 126 - 150% FPL | | 151 - 200% FPL | | 201 - 250% FPL | | 251 - 300% FPL | | 301 - 350% FPL | | 351 - 500% FPL | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिवार का आकार | इस से कम | इस से अधिक | इस से कम | इस से अधिक | इस से कम | इस से अधिक | इस से कम | इस से अधिक | इस से कम | इस से अधिक | इस से कम | इस से अधिक | इस से कम | इस से अधिक | इस से कम |
| 1 | 15,060 | 15,061 | 18,825 | 18,826 | 22,590 | 22,591 | 30,120 | 30,121 | 37,650 | 37,651 | 45,180 | 45,181 | 52,710 | 52,711 | 75,300 |
| 2 | 20,440 | 20,441 | 25,550 | 25,551 | 30,660 | 30,661 | 40,880 | 40,881 | 51,100 | 51,101 | 61,320 | 61,321 | 71,540 | 71,541 | 102,200 |
| 3 | 25,820 | 25,821 | 32,275 | 32,276 | 38,730 | 38,731 | 51,640 | 51,641 | 64,550 | 64,551 | 77,460 | 77,461 | 90,370 | 90,371 | 129,100 |
| 4 | 31,200 | 31,201 | 39,000 | 39,001 | 46,800 | 46,801 | 62,400 | 62,401 | 78,000 | 78,001 | 93,600 | 93,601 | 109,200 | 109,201 | 156,000 |
| 5 | 36,580 | 36,581 | 45,725 | 45,726 | 54,870 | 54,871 | 73,160 | 73,161 | 91,450 | 91,451 | 109,740 | 109,741 | 128,030 | 128,031 | 182,900 |
| 6 | 41,960 | 41,961 | 52,450 | 52,451 | 62,940 | 62,941 | 83,920 | 83,921 | 104,900 | 104,901 | 125,880 | 125,881 | 146,860 | 146,861 | 209,800 |
| 7 | 47,340 | 47,341 | 59,175 | 59,176 | 71,010 | 71,011 | 94,680 | 94,681 | 118,350 | 118,351 | 142,020 | 142,021 | 165,690 | 165,691 | 236,700 |
| वयस्क के लिए क्लिनिक विजिट | $0 | $2 | | $3 | | $20 | | $30 | | $40 | | $50 | | $50 | |
| बच्चे या गर्भवती महिला के लिए क्लिनिक विजिट | $0 | $0 | | $0 | | $20 | | $30 | | $40 | | $50 | | $50 | |
| व्यवहारिक स्वास्थ्य क्लिनिक विजिट | $0 | $0 | | $0 | | $15 | | $30 | | $40 | | $50 | | $50 | |
| केवल-वैक्सीन के लिए विजिट | $0 | $0 | | $0 | | $0 | | $0 | | $0 | | $0 | | $0 | |
| वयस्क के लिए आपातकालीन कक्ष विजिट | $0 | $3 | | $3 | | $75 | | $80 | | $100 | | $120 | | $120 | |
| बच्चे या गर्भवती महिला के लिए आपातकालीन कक्ष विजिट | $0 | $0 | | $0 | | $75 | | $80 | | $100 | | $120 | | $120 | |
| प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्स (प्रति प्रिस्क्रिप्शन शुल्क) | $0 | $2 | | $2 | | $6 | | $10 | | $14 | | $18 | | $18 | |
| एम्बुलेटरी सर्जरी या चुम्बकीय अनुनाद इमेजिंग (Magnetic resonance imaging, MRI) टेस्ट | $0 | $15 | | $25 | | $150 | | $300 | | $450 | | $550 | | $650 | |
| आंतरिक रोगी अस्पताल में भर्ती* | $0 | $25 | | $25 | | $150 | | $400 | | $900 | | $1500 | | $1500 | |
| सह-भुगतान और कटौती राशि | $0 | $0 | | $0 | | $0 | | $10 | | $12 | | $18 | | $22 | |

जिन मरीजों की पारिवारिक आय उपरोक्त से अधिक है उनसे शुल्क NYC Health + Hospitals के सेल्फपे (Selfpay) रेट के आधार पर लिया जाएगा।

*यदि बचत $8,000 से अधिक है तो अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है।